# अध्याय -12 | भंदत आनंद कौसल्यायन

## QUIZ-01

**1. मोती भरा थाल किसे कहा गया है?**
A. आकाश में खिले तारों को
B. खेत में लगे फसलों को
C. समुद्र को
D. वन को (A)

*व्याख्या :* पेट भरा और तन ढ़का होने के बाद संस्कृत व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सो रहा था इसलिए उसे "मोती भरा थाल" कहा गया है।

**2. संस्कृति का जनक कौन है?**
A. पेट भरने वाला
B. तन ढँकने वाला
C. ज्ञान पैदा करने वाला
D. संस्कृत पढ़ने वाला (C)

*व्याख्या :* ज्ञान उत्पन्न करने वाला व्यक्ति ही संस्कृति का निर्माता होता है, क्योंकि संस्कृति ज्ञान, आचार और मूल्यों से विकसित होती है।

**3. मनुष्य ने पेट की भूख शांत करने के लिए किसका आविष्कार किया?**
A. औजार B. आग
C. बर्तन D. इनमें से कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* मनुष्य ने पेट की भूख को मिटाने के लिए आग का आविष्कार किया।

**4. मौसम से बचने तथा शरीर को सजाने के लिए किसका आविष्कार किया गया?**
A. आभूषण
B. वस्त्र का
C. सुई-धागे का
D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* सुई-धागे का आविष्कार मौसम की मार से बचने और शरीर को ढकने व सजाने के लिए किया गया।

**5. मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार करवाती है, वह कहलाएगी-**
A. संस्कृति
B. असंस्कृति
C. सभ्यता
D. असभ्यता (B)

*व्याख्या :* मानव कल्याण की भावना से हटकर जो भी आविष्कार होंगे वे सभी असंस्कृति कहलायेंगे।

**6. गौतम बुद्ध ने अपना घर क्यों त्याग दिया था?**
A. मानवता के सुख के लिए
B. बौद्ध धर्म की स्थापना के लिए
C. प्रतिष्ठा पाने के लिए
D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* गौतम बुद्ध ने मानवता के कल्याण और दुखों से मुक्ति का मार्ग खोजने के लिए घर त्यागा था।

**7. कार्ल मार्क्स ने किसे सुखी देखने का स्वप्न देखा था?**
A. परिवार को
B. मजदूरों को
C. समाज को
D. इनमें से कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* कार्ल मार्क्स ने शोषण से मुक्त एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें मजदूर वर्ग सुखी हो।

**8. संस्कृति का संबंध किससे होता है?**
A. विकास-भावना से
B. कल्याण भावना से
C. आस्था से
D. विनाश से (B)

*व्याख्या :* संस्कृति का मूल उद्देश्य मानव कल्याण होता है, इसलिए इसका संबंध कल्याण भावना से होता है।

**9. मानव को सुख-सुविधा देने वाले साधन क्या कहलाते हैं?**
A. संस्कार
B. सभ्यता
C. असभ्यता
D. प्रतिष्ठा (B)

*व्याख्या :* जब मनुष्य भौतिक सुख-सुविधा के लिए उपकरण बनाता है, तो वह सभ्यता का निर्माण करता है।

**10. लेखक ने विज्ञान के किस वैज्ञानिक का उल्लेख पाठ में किया है?**
A. न्यूटन
B. गैलेलियो
C. आइंस्टीन
D. चैडविक (A)

*व्याख्या :* पाठ में न्यूटन का उल्लेख आया है।